


# डे-डेट 36

ऑयस्टर, 36 मिमी, प्लैटिनम

ऑयस्टर परपेचुअल डे-डेट 36 में प्लैटिनम के साथ ब्लू ऑम्ब्रे डायल, फ़्लूटेड बेज़ेल और प्रेसिडेंट (President) ब्रेसलेट है।




फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल

# रोलेक्स सिग्नेचर

फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल, रोलेक्स विशिष्टता की निशानी होता है। मूल रूप से, ऑयस्टर बेज़ेल की फ्लूटिंग का एक कार्यात्मक उद्देश्य था: इससे बेज़ेल को केस पर पेंच से कसा जाता था जिससे घड़ी का जल प्रतिरोधी क्षमता होना सुनिश्चित होता था।

इसलिए यह बिल्कुल केस बैक पर फ्लूटिंग के समान होता था, जिसे भी रोलेक्स के विशेष टूल्स का प्रयोग करके केस पर स्क्रू से कसा जाता था ताकि जल प्रतिरोधी होना सुनिश्चित हो। समय के साथ, फ्लूटिंग एक सौंदर्यात्मक तत्व बन गई, असली रोलेक्स की एक सिग्नेचर विशेषता। आज फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल विशिष्टता की निशानी होता है, और यह हमेशा सोने या प्लैटिनम का बना होता हैडे-डेट 36।




ब्ल्यू ऑम्ब्रे डायल

# डिज़ाइन की निरंतरता

ओम्ब्रे डायल के केंद्र में एक रंगीन सतह है, जिसकी सतह, केंद्र में रंगीन होती है, किनारे के चारों ओर गहरे काले रंग में बदल जाती है। यह डायल उस डिज़ाइन की निरंतरता का प्रतिनिधित्व करता है जिसे रोलेक्स ने 1980 के दशक में पेश किया था और 2019 में फिर से लॉन्च किया।

संकेंद्रित ग्रेडिएंट के साथ इन डायलों के निर्माण में काले लाख का उपयोग शामिल है, विशेषज्ञ की देखरेख में की जाने वाली नाज़ुक क्रिया-विधि, जिनका काम रंग से धुंधलेपन तक सामंजस्यपूर्ण संक्रमण सुनिश्चित करना है।




प्लैटिनम

# धातुओं का अभिजात

दुर्लभ और बेशकीमती प्लैटिनम अपनी रुपहली सफेदी और अपनी चटख दीप्ति की वजह से बेहद आकर्षक होता है। यह विश्व की सघनतम और सबसे भारी धातुओं में से एक है, जिसकी विशिष्ता है इसके अद्वितीय रासायनिक और भौतिक गुण, जैसे कि क्षरण के प्रति असाधारण संक्षारण प्रतिरोधी क्षमता।

विरोधाभास यह है कि यह नर्म, खिंचावदार और अत्यधिक नमनीय भी होता है, जिसके कारण इसकी मशीनिंग और पॉलिशिंग खास तौर पर कठिन होती है, जिसमें अत्यधिक उच्च कोटि के कौशल की ज़रूरत होती है। रोलेक्स हमेशा 950 प्लैटिनम का प्रयोग करता है, यह एक मिश्रधातु होती है जिसमें 950‰ (हज़ारवां भाग) प्लैटिनम होता है, जिसे रोलेक्स

में उत्कृष्ट धातुकर्मियों द्वारा बहुत ध्यानपूर्वक इन-हाउस तैयार किया जाता है। सबसे बेहतरीन घड़ियों के लिए सबसे शानदार धातुएं।



प्रेसिडेंट (President) ब्रेसलेट

# सर्वोत्तम तकनीकी

रोलेक्स ब्रेसलेट तथा क्लास्प का डिज़ाइन, विकास और उत्पादन, तथा उनकी कठोर जांचों में उन्नत उच्च प्रौद्योगिकी शामिल होती है।

और, घड़ी के सभी घटकों की तरह, मानवीय आंख द्वारा सौंदर्य पर नियंत्रण अचूक सुंदरता की गारंटी होती है। अर्द्ध-गोलाकार तीन-पीस लिंक्स वाला प्रेसिडेंट ब्रेसलेट 1956 में ऑयस्टर पर्पेचुअल डे-डेट के लॉन्च के लिए बनाया गया था। यह परिष्कार और सुविधा के उच्चतम स्तर को दर्शाता है इसे हमेशा ध्यानपूर्वक चुनी गई बहुमूल्य धातु से बनाया जाता है।

# और पढ़ें तकनीकी विवरण डे-डेट

संदर्भ 128236

## मॉडल केस

**प्रकार**
ऑयस्टर, 36 मिमी, प्लैटिनम

**व्यास**
36 मिमी

**सामग्री**
प्लैटिनम

**बेज़ेल**
फ़्लूटेड

**ऑयस्टर संरचना**
मोनोब्लॉक मिडल केस, स्क्रू-डाउन केस बैक और वाइंडिंग क्राउन

**वाइंडिंग क्राउन**
स्क्रू-डाउन, ट्विनलॉक डबल वॉटरप्रूफ़नेस सिस्टम

**क्रिस्टल**
स्क्रैच-रोधी सैफ़ायर, तारीख के ऊपर साइक्लोप्स लेंस

**जल प्रतिरोधी-क्षमता**
100 मीटर / 330 फीट तक वॉटरप्रूफ़

## घड़ी की मशीन

**प्रकार**
परपेचुअल, मैकेनिकल, सेल्फ़-वाइंडिंग

**कैलिबर (घडी के चलने की यंत्रावली)**
3255, मैन्युफैक्चर रोलेक्स

**सटीकता**
-2/+2 सेकंड/दिन, केसिंग के बाद

**ऑस्सिलेटर**
पैरामैग्नेटिक ब्लू पैराक्रोम हेयरस्प्रिंग। हाई-परफ़ॉर्मेंस पैराफ़्लेक्स शॉक एब्जॉर्बर

**वाइंडिंग**
दो दिशाओं में परपेचुअल रोटर के ज़रिए सेल्फ़-वाइंडिंग

**पॉवर रिज़र्व**
लगभग 70 घंटे

**फंक्शन**
मध्य घंटे, मिनट और सेकंड की सुइयाँ, एपर्चर में तत्क्षण दिन और तारीख, असीमित तीव्र-सेटिंग। सटीक टाइम सेटिंग के लिए स्टॉप-सेकंड

## ब्रेसलेट

**प्रकार**
प्रेसिडेंट (President), अर्द्ध-गोलाकार थ्री-पीस लिंक्स

**ब्रेसलेट सामग्री**
प्लैटिनम

**क्लास्प**
कन्सील्ड फ़ोल्डिंग क्राउन्सक्लास्प

## डायल

**प्रकार**
ब्लू ऑम्ब्रे

## प्रमाणन

**प्रकार**
सुपरलेटिव क्रोनोमीटर (COSC + केसिंग के बाद रोलेक्स सर्टिफ़िकेशन)

# Rolex.com को एक्सप्लोर करें और जानें

**सभी बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे ट्रेडमार्क, सर्विस मार्क, ट्रेड नाम, डिज़ाइन और कॉपीराइट सुरक्षित हैं।**

इस वेबसाइट में शामिल कोई भी चीज़ लिखित अनुमति के बिना पुनरुत्पादित नहीं की जा सकती। रोलेक्स वर्तमान वेबसाइट में दिखाए गए मॉडलों में संशोधन करने का अधिकार हर समय सुरक्षित रखती है।

ROLEX